बॉलिवुड की अगली फैशनिस्ता हैं सारा

बॉलिवुड में एक और स्टारकिड ने धमाकेदार एंट्री कर ली है और उनका नाम है सारा अली खान। सारा की डेब्यू फिल्म केदारनाथ को रिलीज हुए 1 सप्ताह का वक्त बीत चुका है और फिल्म में दर्शक उनकी ऐक्टिंग की जबरदस्त तारीफ कर रहे हैं। अब रणवीर सिंह के ऑपोजिट सारा की अगली फिल्म सिम्बा रिलीज के लिए तैयार है और सारा इन दिनों फिल्म के प्रमोशन्स में बिजी हैं। इस दौरान सारा की आउटफिट चॉइस देखकर आप भी यह कहने को मजबूर हो जाएंगे कि सारा जल्द ही बॉलिवुड की अगली फैशनिस्ता बनने वाली हैं। सिम्बा के प्रमोशन्स के लिए सारा नजर आईं चिक ब्लैक कलर के इस शिमरी वन-पीस शॉर्ट ड्रेस में जिसमें ब्लैक कलर की आउटफिट पर सिल्वर कलर से हेवी वर्क किया हुआ था। सिल्वर कलर के पीप-टो स्टेलेटोज, डैंगलर ईयररिंग्स, स्टेटमेंट रिंग और खुले बालों के साथ सारा बेहद सेक्सी दिख रहीं थीं। ब्लैक कलर में कहर बरपाने के बाद अब बात सारा के इस ऑफ वाइट कलर के ड्रेस की। सारा ने ऑफ वाइट कलर की सेल्फ फ्लोरल डिजाइन वाली मिनी स्कर्ट को स्लीवलेस शॉर्ट टॉप के साथ पेयर किया। साथ में हाई हील्स वाली फ्रंट क्लोज्ड जूती और नो अक्सेसरी, खुले बाल और लाइट मेकअप। इस लुक में भी सारा बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सिर्फ ऐक्टिंग के मामले में ही नहीं बल्कि फैशन सेंस और ड्रेसिंग के मामले में भी सारा की चॉइस टू द पॉइंट है। अब इस आउटफिट को ही ले लीजिए। सारा ने ब्लैक कलर के फुल स्लीव्स क्रॉप टॉप को पिंक कलर के वाइट लेग्ड पैंट के साथ पहना है और इस आउटफिट की हाइलाइट है- पैंट पर गोल्डन और ब्लैक कलर से बने डिजाइन्स। साथ में कानों में पिंक कलर के बड़े-बड़े राउंड ईयररिंग्स और हाफ-टाइड हेयर लुक में सारा स्मार्ट और सेक्सी लग रही हैं। ड्रेसेज को कैरी करने का सारा का अंदाज भी दूसरों से एकदम अलग है और सारा जो भी पहनती हैं उसे पूरे कॉन्फिडेंस के साथ कैरी करती हैं। थाई-हाई स्लिट वाली यह वन शोल्डर ब्लू ड्रेस इस बात का सबूत है कि बॉलिवुड की अगली पीढ़ी की फैशनिस्ता सारा अली खान ही हैं।

सरहदें लांघकर बॉलीवुड की दुनिया का अनुभव लुंगी: क्लाउडिया किम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अभिनेत्री क्लाउडिया किम ने कहा कि वह एक दिन सरहदें लांघकर बॉलीवुड की दुनिया का अनुभव लेंगी। किम ने बताया, ''मेरे बहुत सारे मित्र हैं जो इस उद्योग में काम करते हैं। मैं बॉलीवुड में काम करना चाहूंगी। किसे पता जिंदगी आपको कहां ले जाती है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे सच में लगता है कि अब कोई सीमा नहीं हैं। मेरी चीन से झू झू जैसी मित्र हैं जिन्होंने भारतीय फिल्म (ट्यूबलाइट) की थी। बॉलीवुड एक बड़ा उद्योग है जहां मैं काम करने का सपना देख रही हूं।''

'किम एवेंजर्स : एज ऑफ अल्ट्रोन' और 'द डार्क टॉवर' जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। किम ने कहा कि वह योजनाएं बनाने में यकीन नहीं रखती हैं।

किम के अनुसार, ''योजना अच्छी चीज है लेकिन जीवन में आप हर चीज की योजना नहीं बना सकते हैं।

मैंने तीन साल यह फैसला करने में बिता दिए कि क्या मुझे जिंदगी भर अभिनय करना है। और मेरा जीवन लक्ष्य और योजना क्या है? लेकिन फिर मैं इस निष्कर्ष पर आई कि कोई भी यह फैसला नहीं कर सकता है।''

शूटिंग में व्यस्त थे इसलिए रिसेप्शन पार्टी में नहीं पहुंचे रणबीर: दीपिका

हम सभी जानते हैं कि दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर कभी एक-दूसरे के काफी क्लोज़ रह चुके हैं और एक-दूसरे को डेट कर चुके हैं। हालांकि, अब दोनों अपनी-अपनी लाइफ में आगे बढ़ चुके हैं। जहां दीपिका पिछले महीने रणवीर सिंह के साथ ब्याह रचा चुकी हैं वहीं रणबीर इन दिनों आलिया भट्ट के साथ रिलेशनशिप में हैं।

पिछले दिनों रणवीर और दीपिका ने शादी के बाद मुंबई में ग्रैंड रिसेप्शन रखा, जहां फिल्मी जगत के तमाम सितारे शामिल हुए। इस रिसेप्शन पार्टी में वरुण धवन, शाहरुख खान, कटरीना कैफ और मेगास्टार अमिताभ बच्चन जैसे तमाम बॉलिवुड स्टार्स पहुंचे और नए कपल को उनकी शादी की बधाई दी। यहां कोई मिसिंग था तो वे थे रणबीर और आलिया।

इसे लेकर खबर आई कि दोनों अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र की शूटिंग में व्यस्त थे, इसलिए वे इस रिसेप्शन में पहुंच न सके।

हालांकि, एक इंटरव्यू में जब दीपिका से इस बारे में पूछा गया कि रणबीर उनकी रिसेप्शन पार्टी में क्यों नहीं पहुंचे तो इसपर उन्होंने कहा कि उनसे उनकी बात रिसेप्शन के बाद नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि रिसेप्शन से पहले ही उनकी आपस में बातचीत हुई थी। हालांकि, दीपिका ने कहा कि वह जानती हैं कि वह किस तरह के व्यक्ति हैं और उनके साथ उनका रिश्ता कैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि यही उनके रिलेशनशिप की खूबसूरती है, काफी कुछ न कहके बहुत कुछ कह जाते हैं। साफ है कि एक्स पार्टनर दीपिका और रणबीर की बॉन्डिंग आज भी एक-दूसरे के साथ अच्छी है।